>

Title: Need to ensure adequate availability of seeds & chemical fertilizers to the farmers in the Country.

श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) : महोदय, केन्द्र सरकार दावा कर रही है कि देश में रासायनिक खाद एवं बीज की कोई कमी नहीं है। दूसरी तरफ लोगों को खाद एवं बीज के लिए लम्बी लाईन में लगना पड़ रहा है और लाईन में लगने के बाद भी उन्हें रासायनिक खाद नहीं मिल पा रही है। किसान लोग एक महीने से ज्यादा समय से खाद एवं बीच के लिए सरकारी एवं सहकारी एजेन्सियों के चक्कर लगा रहे हैं। अधिकांश किसान मजबूरी में ऊंचे दाम पर बाजार से बीच एवं रासायनिक खाद खरीद रहा है। मेरे संसदीय क्षेत्र के बिल्थरा रोड में सरकारी खाद एजेन्सियों पर हुई भगदड़ में एक किसान की कुचल जाने से मौत हो गई है। एक तरफ तो सरकार विदेशों से गेंहूं का आयात कर रही है दूसरी ओर किसानों को सुविधा नहीं दे रही है तो कैसे देश खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर होगा।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि देश में बीच एवं रासायनिक खाद की आपूर्ति किसानों को सुनिश्चित करे और उन्हें आसानी से उपलबध करवाये।